लू-तापघात को लेकर अस्पताल प्रशासन ने 25 बैड और बढ़ाये

■ उल्टी-दस्त, पेटदर्द से संबंधित मरीजों की संख्या बढ़ने को देखते हुए मेडिकल वार्ड में अतिरिक्त 25 बैड और शिशु रोग वार्ड में अतिरिक्त 10 बैड की व्यवस्था की गई है तथा लू तापघात से निपटने के लिए हीटवेव वार्ड की व्यवस्था की गई

बीकानेर, (कासं)। बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी की स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल प्रशासन ने अपने स्तर पर हीटवेव, लू तापघात आदि स्थितियों से निपटने के लिए राज्य सरकार के निर्देश पर हीटवेव वार्ड की व्यवस्था की गई है।

उल्टी-दस्त, पेटदर्द से संबंधित मरीजों की संख्या बढ़ने को देखते हुए मेडिकल वार्ड में अतिरिक्त 25 बैड और शिशु रोग वार्ड में अतिरिक्त 10 बैड की व्यवस्था की गई है। अधीक्षक डॉ. सुनील हर्ष ने बताया कि हीटवेव और लू तापघात को देखते हुए आवश्यक दवाईयों, फ्लूइड, ओआरएस, फ्रोजन आइसपैक और उपकरणों की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा अस्पताल में बढ़ते विद्युत लोड को देखते हुए बीकेसीएल को ट्रांसफार्मर का लोड बढाने के लिए लिखा गया है। बिजली की कटौती की स्थिति से निपटने के लिए जनरेटर की व्यवस्था की गई है।

एसडीएम जिला अस्पताल में 65 वर्ष से अधिक उम्र के रोगियों के लिए विशेष आउटडोर रामाश्रय क्लीनिक को सप्ताह मे प्रत्येक सोमवार और गुरूवार को संचालित किया जायेगा। डॉ. भूपेन्द्र तिवारी को इसका प्रभारी बनाया गया है। अधीक्षक डॉ. सुनील हर्ष ने बताया कि अस्पताल में वरिष्ठ नागरिकों को सामान्य मेडिकल आउटडोर में भीड़भाड़ का सामना करना पड़ता था, जिससे बुजुर्गों को परेशानी होती थी। इसके अलावा अस्पताल में प्रत्येक माह मे क्रॉनिक डिजीज के मरीज रुटीन चैकअप, फॉलोअप और दवाईयों के लिए आते हैं। इसके लिए 65 वर्ष से अधिक उम्र के मरीजों के लिए विशेष ओपीडी चलाई जायेगी, जिसमें उनकी बीपी शुगर जैसी जांचें आउटडोर में ही की जायेगी।

भीषण गर्मी को देखते हुए एसडीएम राजकीय जिला अस्पताल में अस्पताल प्रशासन द्वारा मरीजों के लिए सुविधाओं को लगातार बढ़ाया जा रहा है। इसमें दानदाताओं से सहयोग भी लिया जा रहा है। दानदाताओं द्वारा निरंतर इस हेतु सहयोग किया जा रहा है। इसी क्रम में जस्सूसर गेट निवासी बजरंग चांडक ने परिवार सहित जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड में मरीजों की सुविधा के लिए चार बड़े डेजर्ट कूलर अस्पताल प्रशासन को भेंट किए।

इस मौके पर अधीक्षक डॉ. सुनील हर्ष, मेडिकल वार्ड प्रभारी डॉ. भूपेंद्र तिवारी, पवन चांडक, मंजू चांडक, मेडिकल वार्ड इंचार्ज संगीता सिन्हा, नर्सिंग ऑफिसर आफताब, भीम, मांगीलाल, प्रेम एवं मूलचंद सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। एक अन्य कार्यक्रम में धर्मनगर द्वार निवासी केवलचंद ओझा एवं परिवार द्वारा मेडिकल ओपीडी और वरिष्ठ नागरिकों के लिए चलाई जा रही विशेष ओपीडी रामाश्रय क्लीनिक हेतु तीन एसी अस्पताल प्रशासन को भेंट किए गए।

अधीक्षक डॉ. सुनील हर्ष ने बताया कि पिछले एक वर्ष से अस्पताल को लगातार दानदाताओं और भामाशाहों का सहयोग मिल रहा है। ऐसे में भीषण गर्मी में दानदाताओं द्वारा दान किए गए एसी और कूलरों से ओपीडी और वार्ड में भर्ती मरीजों को राहत मिलेगी। इसके अतिरिक्त जिला अस्पताल में अभियान चलाकर पंखे, कूलर, एसी और वाटर कूलर रिपेयर करवाए जा रहे हैं, जिससे अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को बेहतर सुविधाएं मिले।

श्रीगंगानगर। राजस्व अधिकारियों की बैठक को जिला कलेक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इस दौरान जिला कलेक्टर ने बजट घोषणा कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जल्द से जल्द इनकी क्रियान्विति सुनिश्चित की जाए। समर्थन मूल्य पर कृषि जिंसों की खरीद, गर्मी, आपदा प्रबंधन व प्री-मानसून की तैयारियों को लेकर भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

बैठक में जिला कलेक्टर ने बजट घोषणा के तहत भूमि आवंटन प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को भूमि चिन्हित करते समय मौका निरीक्षण करने के लिये कहा। गर्मी और लू-तापघात के मद्देनजर पेयजल व विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि हीटवेव से बचाव के लिये आमजन को जागरूक करने के साथ-साथ संबंधित विभाग तैयारियां भी पूर्ण रखें।

सभी ब्लॉक अधिकारी मनरेगा साइट विजिट कर पानी, छाया की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिला चिकित्सालय, सीएचसी व पीएचसी में एसी, कूलर, पंखे, पानी, विद्युत आदि की व्यवस्थाओं के लिये सीएमएचओ को निर्देशित किया गया। समर्थन मूल्य पर गेहूं, चना और सरसों खरीद की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि उठाव और भुगतान को लेकर परेशानी नहीं आनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि उपखण्ड अधिकारी नियमित रूप से मंडियों में खरीद और उठाव का निरीक्षण करें। धान मंडियों में कृषि जिंस बेचने के लिए आने वाले किसानों, श्रमिकों के लिए पानी, छाया और जिंसों को बारिश से बचाव के लिए शैड-तिरपाल की व्यवस्थाएं रखी जाएं। नगर निकायों में परिसीमांकन एवं पुनर्गठन के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में वर्तमान तथ्यात्मक विवरण पर समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आपत्तियों का नियमानुसार निस्तारण कर निर्धारित परिशिष्ट के अनुसार भिजवाएं।

कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

बीकानेर,(कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने बीकानेर विकास प्राधिकरण, सार्वजनिक निर्माण विभाग और नगर निगम द्वारा शहरी क्षेत्र में करवाए जा रहे सड़क निर्माण, सुधार एवं पैचवर्क कार्यो की मंगलवार को समीक्षा की।

जिला कलेक्टर ने कहा कि मानसून से पूर्व सभी प्रगतिरत कार्य पूर्ण हो जाएं यह सुनिश्चित किया जाए। कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता से करने के साथ अधिकारियों को इनकी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि बरसात के दौरान जल भराव वाले संभावित क्षेत्रों का समय रहते दौरा किया जाए तथा इन क्षेत्रों में पानी निकासी के पुख्ता प्रबंधन किए जाएं जिससे बरसात के दौरान स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

जिला कलेक्टर ने कहा कि सुजानदेसर और वल्लभ गार्डन क्षेत्र की पाल को मजबूत किया जाए तथा यहां पानी निकासी के लिए पर्याप्त पम्प सेट्स की व्यवस्था की जाए। उन्होंने सुजानदेसर के चांदमल बाग, ब्राह्मणों के मोहल्ले और नोखा रोड पर जलभराव से जुड़ी समस्या के समाधान के लिए कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र में 16 स्थानों पर सेफ्टी टैंक कम रिचार्ज वेल का निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है। इनमें निगम और बीडीए द्वारा आठ आठ रिचार्ज वेल बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्य भी बरसात से पूर्व करवाए जाएं। नगर निगम आयुक्त मनीष मयंक ने बताया कि निगम द्वारा शहरी क्षेत्र में 43 मुख्य सड़कें स्वीकृत की गई हैं। इनमें से चार कार्य पूर्ण हो गए हैं। वहीं तीस कार्य प्रगतिरत हैं।

स्कूल की डिग्गी से टैंकर भरने पर मारपीट

श्रीगंगानगर,(कासं)। गांव जोगीवाला में सरकारी स्कूल की डिग्गी से टैंकर भरने गए किसान पर कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इसे लेकर लालगढ़ थाना में मामला दर्ज किया गया है।

जोगीवाला निवासी भूपराम ने बताया कि उसने सरकारी स्कूल की 8 बीघा भूमि ठेके पर ले रखी है। दोपहर को वह अपने बेटे कुलदीप के साथ पानी का टैंकर भरने स्कूल की डिग्गी पर गया था। इसी बीच मनोहर व हरि सिंह आ गए और इन लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने अपने परिवार के बलवंत, सुभाष, श्रवण व कालूराम को भी बुला लिया। भूपराम ने बताया कि आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर जेब में रखे करीब 1500 रूपए व मोबाइल फोन भी छीन लिया। घटना के बाद पीडित ने लालगढ़ थाना पहुंचकर पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वहीं कोतवाली पुलिस ने रविवार को कुछ युवकों के खिलाफ छात्रा से मारपीट व अश्लील हरकतें करने का मामला दर्ज किया है। पीड़िता ने थाना में दर्ज करवाई रिपोर्ट में बताया कि आरोपियों ने छात्रा को रास्ते में रोक लिया और एक राय होकर मारपीट की। आरोपियों ने पीड़िता के परिजनों के साथ भी झगड़ा कर गाड़ी में तोड़फोड़ की। आरोपियों ने सोने की चेन छीन ली और छात्रा के साथ अश्लील हरकतें की। पुलिस ने आरोपी जसप्रीत सिंह, अभिषेक, आदित्य व 3-4 अन्य युवकों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। जांच हैड कांस्टेबल मुकेश मीणा कर रहे हैं।

सार-समाचार

24-पेट्रोल पंप लूट कांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

नोखा, (कासं)। जसरासर पुलिस ने पेट्रोल पंप लूट कांड के मुख्य आरोपी मनीष भाकर को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने आरोपी को 6 दिन की रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस रिमांड के दौरान अन्य वारदातों के बारे में भी पूछताछ करेगी। घटना 11 अप्रैल की है। बिना नंबर की स्विफ्ट कार में सवार पांच नशेड़ी युवक नागौर से निकले। श्रीबालाजी थाना क्षेत्र के गंठीलासर गांव के पेट्रोल पंप पर लूट का प्रयास किया। सेल्समैन के शोर मचाने पर वहां से भाग निकले। इसके बाद आरोपियों ने बीकानेर-नागौर राजमार्ग पर चरकड़ा गांव के पेट्रोल पंप पर लूट की। सेल्समैन से पेट्रोल भरवाया और धमकी देकर रुपये व मोबाइल लूट लिए। फिर नोखा, मुकाम, काकड़ा होते हुए जसरासर के पास जसनाथ पेट्रोल पंप पर लूट की। आरोपी वहां से उड़सर कैम्प, झाड़ेली, थावरिया होते हुए मैनसर पहुंचे। मैनसर पेट्रोल पंप पर भी लूट की वारदात को अंजाम दिया। फिर लालगढ़ पेट्रोल पंप पर लूट की। जोगलसर में पेट्रोल पंप के कैबिन का शीशा तोड़ा, लेकिन सुबह होने के कारण भाग गए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की। आरोपी की लोकेशन नागौर में मिली। जसरासर पुलिस ने नागौर कोतवाली की मदद से मुख्य आरोपी मनीष भाकर गिरफ्तार किया। वह मकराना के भाखरों की ढाणी का रहने वाला है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

प्रेमी जोड़े ने मांगी पुलिस सुरक्षा

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के अलग-अलग दो गांवों के एक प्रेमी जोड़े द्वारा एसपी से पुलिस सुरक्षा मांगने का मामला चर्चा का विषय बना रहा। जानकारी के अनुसार लड़का व लड़की अलग-अलग समुदाय से हैं। लड़की का परिवार काफी संपन्न बताया जा रहा है। जबकि लड़के की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं बताई जा रही। लड़का पहले से शादीशुदा बताया जा रहा है। इस मामले की जानकारी मिलने पर एक समुदाय के लोग एसपी ऑफिस पहुंचे लेकिन मामला न्यायालय से संबंधित होने की बात कहकर उन्हें वापस लौटा दिया गया। इसके बाद एक अन्य समुदाय के लोग लड़के के गांव पहुंचे। इस मामले को लेकर यहां काफी समय तक पंचायत हुई। बताया जा रहा है कि लड़के के गांव के लोग भी इस पूरे प्रकरण के खिलाफ है। हालांकि लड़का व लड़की दोनों बालिग हैं। यह मामला एसपी ऑफिस, संबंधित पक्षों के गांवों से लेकर सोशल मीडिया तक चर्चा का विषय बना रहा। लोगों में चर्चा है कि आने वाले दिनों में यह मामला गर्मा सकता है।

पीबीएम में तीन एसी किए भेंट

बीकानेर, (कासं)। जैन इंटरनेशनल ट्रेंड ऑर्गेनाइजेश (जीतो) महिला विंग ने भीषण गर्मी को देखते हुए पीबीएम अस्पताल में तीन एयरकंडीशन भेंट किए हैं। चेयरपर्सन ममता रांका ने बताया कि पीबीएम अस्पताल के 16 नम्बर ओपीडी में एक एसी तथा सर्जरी विभाग ऑपरेशन थियेटर के लिए दो एसी भेंट किए गए हैं। ममता रांका ने बताया कि दोनों ही स्थानों पर गर्मी के कारण मरीजों व उनके परिजनों को काफी परेशानी होती थी और जैसे ही यह जानकारी जीतो तक पहुंची तो दोनों स्थानों पर तीन एसी उपलब्ध करवाए गए हैं। सैक्रेटरी रजनी नाहटा ने बताया कि डॉ. भूपेन्द्र शर्मा व डॉ. अशोक लूनिया ने जीतो महिला विंग का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मंजू नौलखा, रेणु गुजरानी, सुनीता बाफना, सिमरन सुराना, रंजना सुराना, तारा डागा, चाँदनी सुराना, मंजू बोथरा, अलका नाहटा आदि उपस्थित रहे।

पेयजल आपूर्ति का लिया जायजा

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के जैतसर इलाके में पूर्व सांसद निहाल चंद मेघवाल ने मंगलवार को क्षेत्र के गांवों में पेयजल आपूर्ति की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को गांव 7 एलसी और मसानीवाला में निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करवाने के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार, पूर्व सांसद निहाल चंद मेघवाल ने गांव 7 जीबी, जैतसर, बुगिया, 7 एलसी व मसानीवाला में जलदाय विभाग का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को नियमित पेयजल आपूर्ति करने की बात कही। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल की नियमित आपूर्ति की जा रही है। पूर्व सांसद ने गांव 7 जीबी में ग्रामीणों के साथ जलदाय विभाग द्वारा चलाए जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

नई बिल्डिंग पर करोड़ों खर्च लेकिन लिफ्ट नहीं लगाई

बीकानेर,(कासं)। पीबीएम जनाना अस्पताल की मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य इकाई(एमसीएच) का फर्श और दीवारें 9 साल में ही उखड़ने शुरू हो गए हैं। बिल्डिंग की दशा इतनी खराब है कि अब जनाना विंग भी वहां पर शिफ्ट होने से कतराने लगी है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के बजट से 2016 में तीन मंजिला बिल्डिंग का निर्माण हुआ था। अब इसके फर्श और दीवारों पर से टाइल्स उखड़ने लगी हैं। बिल्डिंग की मेंटिनेंस तक नहीं हो पा रही है। सफाई होना तो दूर की बात है। गार्ड और कर्मचारी अपने वाहन भी बिल्डिंग के अंदर खड़े करते हैं। एमसीएच के ग्राउंड फ्लोर पर ओपीडी, फर्स्ट फ्लोर पर वार्ड और सेकंड फ्लोर पर ऑपरेशन थिएटर व आईसीयू बनाया गया। पीबीएम की जनाना विंग को यहां शिफ्ट किया जाना था। महिलाओं के प्रसव से लेकर बच्चादानी सहित सभी तरह के उपचार और ऑपरेशन की सुविधा इस बिल्डिंग में विकसित करने की मंशा थी। लेकिन नौ साल बाद भी ग्राउंड फ्लोर पर केवल आउटडोर ही शुरू हो पाया है। ऑपरेशन थिएटर बंद हैं। मैन बिल्डिंग से वार्ड भी शिफ्ट नहीं किए जा सके हैं। दरअसल पीबीएम की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ पुरानी बिल्डिंग को इससे ज्यादा बेहतर मानती हैं। उनका कहना है कि नई बिल्डिंग पर करोड़ों रूपए खर्च किए लेकिन एक भी लिफ्ट नहीं लगाई। जबकि चार लिफ्ट होनी चाहिए। इसी प्रकार ऑपरेशन थिएटर नेशनल मेडिकल काउंसिल के नियमानुसार नहीं बनाए गए। महिला चिकित्सकों का कहना है कि मेडिसिन विभाग के नई बिल्डिंग में शिफ्ट होने के बाद जे और के वार्ड खाली हो जायेगा। दोनों वार्ड जनाना विंग के काम आ सकेंगे। पेशेंट लोड बढ़ गया है। करीब 223 बैड की इस विंग में 350 मरीज तक भर्ती करने पड़ते हैं। जगह कम पड़ जाती है।

बाइक को टक्कर मारने वाला गिरफ्तार

हनुमानगढ़,(कासं)। फेफाना थाना पुलिस ने सड़क हादसे में नाबालिग की मौत के मामले में आरोपी बोलेरो ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने बोलेरो से बाइक को टक्कर मार दी थी। हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया था। पुलिस ने बोलेरो भी जब्त कर ली है।

फेफाना पुलिस थाना प्रभारी एसआई नरेन्द्र कुमार ने बताया कि सात अप्रैल को इसरायल पुत्र खान मोहम्मद निवासी चक 28 एनटीआर, गांव रामसरा ने लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि 6 अप्रैल की देर शाम करीब सवा 7 बजे उसका चाचा आमीन खां (55) पुत्र अल्लादीन खां निवासी चक 26 एनटीआर अपनी बाइक पर सवार होकर उसके छोटे भाई अकबर के लड़के आयान और वयान को साथ लेकर भादरा मोड़ जा रहा था।

ढाणी से रवाना होकर सड़क पर पहुंचा तो फेफाना की ओर से अज्ञात बोलेरो तेज गति से आई और बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उसके चाचा आमीन खां और भतीजे आयान को चोट लगी। दोनों को इलाज के लिए नोहर के सरकारी अस्पताल लेकर गए। वहां से रेफर करने पर सिरसा के सिटी हेल्थ केयर सेंटर में भर्ती करवाया।

'चाइनीज मांझा व बाल विवाह कानूनी जुर्म' पुलिस अधीक्षक

बीकानेर, (कासं)। नगर स्थापना अक्षय तृतीया के अवसर पर पतंगबाजी का दौर जारी है। पतंग उड़ानें में चाइनीज मांझा (प्लास्टिक डोर) का इस्तेमाल करते हैं। धातु निर्मित मांझा इन्सान एवं परिंदों का कातिल है।

सामाजिक कार्यकर्ता भूरमल सोनी, सीए निकिता, प्रणाम सोनी द्वारा तैयार की गई पतंगों का अवलोकन कर पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सागर ने नगर स्थापना दिवस पर चाइनीज़ मांझे और बाल विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता अभियान की सराहना की।

उन्होंने कहा कि चाइनीज़ मांझे की बिक्री व उपयोग तथा बाल-विवाह बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सख्त कानूनी कार्रवाई कर जेल की हवा खानी पड़ सकती है। चाईनीज मांझा मौत का पैगाम, छोटी उम्र में शादी, जीवन बर्बादी,बाल विवाह कलंक है, बच्चों के भविष्य की बर्बादी है।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/3897 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 21.4.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कोमल यादव पत्नी श्री सुनील कुमार निवासी चक 11 एमएल, तहसील व जिला श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 4 एमएल मुरब्बा नं. 12 किला नं. 6,7,14,15 भू.सं. बी-03 माप 25 इंटू 50 फीट किंग्स ऐवेन्यू, श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का पट्टा सं. 12262 दिनांक 2.10.2021 को श्री भूपेन्द्र बजाज पुत्र श्री भगवान दास बजाज के नाम से जारी किया हुआ है।	श्रीमती कोमल यादव द्वारा उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 5.8.2022 द्वारा प्राप्त कर उक्त भूखंड का ऑनलाइन नामांतरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती कोमल यादव पत्नी श्री सुनील कुमार निवासी चक 11 एमएल, तहसील व जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।
आवेदन संख्या :- SGNR/FY24-25/MUT/1560 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/3895 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 9.4.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती प्रभा देवी पत्नी श्री रामप्रवेश सिंह निवासी 136-137 भाम्भू कॉलोनी, गली नं. 3, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 2 ए छोटी मुरब्बा नं. 03 किला नं. 05 भू.सं. बी-31 माप 40 इंटू 50 फीट खालसानगर, श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का पट्टा सं. 2090 दिनांक 9.4.2003 को श्री प्रभजोत सिंह पुत्र श्री जोगेन्द्र के नाम से जारी किया हुआ है।	श्रीमती प्रभा देवी द्वारा उक्त भूखंड को पंजीकृत बैयनामा दिनांक 11.5.2018 एवं 14.6.2018 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखंड का ऑनलाइन नामांतरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती प्रभा देवी पत्नी श्री रामप्रवेश सिंह निवासी 136-137 भाम्भू कॉलोनी, गली नं. 3, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।
आवेदन संख्या :- SGNR/FY24-25/MUT/1566 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड IDFC FIRST Bank
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण का लाभ उठाया है। नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित हैं। चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों के नियमों और शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, उनके ऋण को आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया है। **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशि पर आगे ब्याज भी लागू होगा।

क्रमांक	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	धारा 13 (2) नोटिस तिथि	धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि
1	136368163	संपत्ति पर ऋण	22.03.2025	12,66,361.66/-

ऋणग्रहिताओं एवं सह-ऋणग्रहिताओं का नामः 1. सज्जन जैना राम, 2. धाया देवी

सम्पत्ति पता- मकान नं. 4/107, भूमि क्षेत्रफल 30.93 वर्ग गज, मुकता प्रसाद नगर स्कीम, बीकानेर, राजस्थान-334001 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-मकान नं. 4/84, पश्चिम-रास्ता, उत्तर-मकान नं.4/106, दक्षिण-मकान नं. 4/108

आपसे कहा जाता है कि आप उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए ब्यौरे के अनुसार आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, जिसका आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में विलय हो गया है और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को संबंधित तारीखों से अनुबंधित ब्याज दर और अन्य लागतों, प्रभारों आदि के साथ इस प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करें, ऐसा न करने पर नीचे हस्ताक्षरकर्ता को **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, जिसका आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में विलय हो गया है और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के खिलाफ एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (4) और धारा 14 के तहत कार्यवाही शुरू करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को बिक्री/पट्टे या अन्यथा रूप से स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)
दिनांक- 23.04.2025
स्थान- बीकानेर

नहर में मिले युवक-युवती के शव

बीकानेर, (कासं)। छतरगढ़ में सत्तासर के पास नहर से युवक-युवती के शव बरामद हुए।

युवक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। जबकि युवती के परिजनों की रिपोर्ट पर छतरगढ़ थाने में मर्ग दर्ज की गई है। मामले की जांच सीओ खाजूवाला करेंगे। छतरगढ़ के च9क 3डीएलएम में दो परिवार के लोग खेत काश्त करते हैं। रात को इन परिवारों का युवक लालचंद मेघवाल और दूसरे परिवार की युवती मोनिका गोस्वामी घर से निकल गए। युवती नहीं मिली तो उसके पिता ने अगले दिन छतरगढ़ थाने में गुमशुदगी दर्ज करा दी। अगले दिन सुबह सतासर के पास नहर में लालचंद का शव बरामद हो गया। उसके परिजनों ने हत्या की आशंका जताई और युवती के घरवालों के खिलाफ छतरगढ़ थाने में मुकदमा दर्ज करवा दिया। मोनिका का शव भी नहर से बरामद हो गया।

उसके परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग दर्ज की। मामले की जांच सीओ खाजूवाला अमरजीत चावला करेंगे। उन्होंने बताया कि दोनों के शव परिजनों को सौंप दिए हैं। अब तक की छानबीन में प्रथमदृष्टया प्रेम संबंध के कारण युवक-युवती का घर से जाना और सामूहिक रूप से आत्महत्या करना सामना आया है। मौत का कारण भी पानी में डूबना लग रहा है। इसके बावजूद दोनों का विसरा लिया गया है जिसकी एफएसएल से जांच करवाई जायेगी।

रिपोर्ट आने पर मौत का वास्तविक कारण सामने आ जाएगा। हत्या की रिपोर्ट में मारपीट सहित जो भी तथ्य दिए गए हैं, उन सभी जांच की जायेगी।

Revolving Fund Project for Cattle Feed and Mineral Mixture Plant (CFMMP)
Rajasthan University of Veterinary and Animal Sciences, Bikaner 334001
RAJUVAS/RF/CFMMP/2025-26/18 Dated :- 21/04/2025

निविदा सूचना (No. 01, 02, 03 and 04 of 2025-26)

राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के Revolving Fund Project for Cattle Feed and Mineral Mixture Plant (CFMMP) हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, निविदा की शर्ते एवं अन्य विवरण विभाग की वेबसाईट **www.rajuvas.org, www.sppp.rajasthan.gov.in** तथा DIPR की वेब साइट पर देखी/प्राप्त की जा सकती है। निर्धारित निविदा शुल्क जमा कराना अनिवार्य है। निविदा शुल्क तथा धरोहर राशि Principal Investigator (P.I.), Cattle Feed and Mineral Mixture Plant (CFMMP) RAJUVAS, Bikaner के नाम से डी.डी. जो बीकानेर में देय हो, के रूप में स्वीकार की जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 21.04.2025 को प्रातः 11:00 बजे से सम्बन्धित वेब साइट से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदाय